Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include Surjapuri Birodari Muslims of Bihar in OBC List of Central Government

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): सर, बहुत-बहुत शुक्रिया। सुरजापुरी बिरादरी की तरफ से आपको बहुत-बहुत सलाम है। बिहार के सीमांचल के अतर्गत आने वाले सभी जिलों के सुरजापुरी मुस्लिम बिरादरी को राज्य में बीसी-2 का दर्जा प्राप्त है, लेकिन मेरे द्वारा बार-बार मांग किए जाने पर भी केन्द्र में अब तक आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाया है, जो बहुत ही दुखद है।

इस जाति को देश की मुख्य धारा में लाने के लिए केन्द्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय के अंतर्गत इन्हें केन्द्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल करना होगा, तभी हमारे क्षेत्र के लोगों के आर्थिक और एजुकेशनल पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार सुरजापुरी बिरादरी को ओबीसी का दर्जा दे, ताकि हम भी अपने मुल्क की तरक्की में शामिल हो सकें। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री मलूक नागर को डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।